

# ग्राम नयागांव तेहखण्ड में दी गई जीआई टेग के बारे में जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 नवम्बर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के निर्देशानुसार जनजातिय गौरव दिवस 2025 अंतर्गत जनजातिय गौरव वर्ष पखवाडा 01-15 नवम्बर 2025 आयोजित किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में आज ग्राम नयांगांव तेखण्ड में आर्ट एण्ड जीआई टेग विषय अंतर्गत जानकारियां प्रदान की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान बडौदा डॉ. कायम सिंह द्वारा आर्ट एवं जीआई टेग विषय अंतर्गत कृषि उत्पादों (जैसे दार्जिलिंग चाय, बासमती चावल, हस्तशिल्प बनारसी साड़ी और खाद्य पदार्थों को जीआई टैग के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होने कहा कि जीआई टैग मिलने से उत्पाद की पहचान बनती है और नकली उत्पादों की बिक्री को रोका जा सकता है। जिससें उत्पादों को बेहतर दाम मिलते है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढावा मिलता है।

जीआई टैग भौगोलिक संकेत एक चिन्ह है जो किसी उत्पादक की विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति को दर्शाता है जैसे कि कृषि, प्राकृतिक या विनिर्मित वस्तुएं और सुनिश्चित करता है कि उस उत्पाद की गुणवत्ता और प्रतिष्ठा उसके मूल क्षेत्र से जुडी है। यह एक बौद्धिक संपदा अधिकार है जो नकल या अनुचित प्रतिस्पर्धा से उत्पाद की रक्षा करता है।

जीआई टैग उत्पाद को उसकी प्रमाणिकता और गुणवत्ता के लिये कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है और अक्सर किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने में मदद करता है आमतौर पर जीआई टैग 10 साल के लिये वैध होता है और वैद्यता को बढाया भी जा सकता है। इस अवसर पर जिला पंचायत की कृषि स्थाई समिति के सभापति गिरधारी बैरवा भी मौजूद रहें।

# जांच उपरांत 22 की जगह 11 एचपी क्षमता भार का दिया बिजली बिल

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के निर्देशानुसार विधुत वितरण कंपनी के अधिकारियों द्वारा उपभोक्ता मांगीलाल सेन निवासी रायपुरा के नाम से लगे ट्यूबवैल के विधुत कनेक्शन की भार क्षमता जांच एवं परीक्षण उपरांत 22 के स्थान पर 11 एचपी कर संशोधित की गई है एवं उपभोक्ता के बिजली बिल को 11 एचपी भार के आधार पर कम कर दिया गया है।

महाप्रबंधक विधुत वितरण कंपनी पाटीदार ने बताया कि उक्त उपभोक्ता के पुत्र द्वारा 8 अक्टूबर 2025 को सीएम हेल्पलाइन में 22 एचपी के अधिक भार के बिल आने के संबंध में शिकायत की गई थी, जिस पर 25 अक्टूबर को उपभोक्ता के बोर के मोटर की जांच की गई तथा मोटर की क्षमता 11 एचपी पाई गई, जिसके आधार पर 22 एचपी से 11 एचपी करने हेतु प्रकरण स्वीकृति हेतु संभागीय कार्यालय को प्रस्तुत किया गया था, इसके बाद मामला संज्ञान में आने तथा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में 4 नवंबर को पुनः उपभोक्ता के विधुत मोटर की जांच उपभोक्ता के पुत्र एवं शिकायतकर्ता अमर सिंह सेन की उपस्थिति में की गई, उक्त जांच के आधार पर विधुत मोटर की क्षमता 11 एचपी किये जाने की स्वीकृति वरिष्ठ कार्यालय से प्रदान किये जाने के बाद उपभोक्ता के बिल को 11 एचपी का करने की कार्यवाही की गई है।

# अनियमित भुगतान के मामले में शिक्षक निलंबित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा प्राथमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय बागल्दा कैलाश पारगी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की गई है। उक्त शिक्षक द्वारा संकुल प्राचार्य से मिली भगत कर अपनी पत्नि के खाते में अनियमित भुगतान कराया गया, जिसके चलते यह कार्यवाही हुई है।

**शासन को पहुंचाई गई है हानि**

जारी आदेश के अनुसार कैलाश पारगी प्राथमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक विद्यालय बागल्दा की पत्नि के बैंक खाते में अतिथि शिक्षको का मानदेय, कर्मचारियों एक एरियर एवं छात्रवृति की राशि आदि अनियमित भुगतान होना पाया गया। इस संबंध में पारगी अथवा उनकी पत्नि द्वारा कभी भी वरिष्ठ कार्यालय या सक्षम अधिकारी को अवगत नही कराया गया एवं कथन के उल्लेखित तथ्य कि उनके खाते में जमा राशि तत्कालीन प्राचार्य को तदसमय ही प्रदाय कर दी गई थी, के संबंध में साक्ष्य प्रास्तुत नही किया गया। इस प्रकार पारगी द्वारा संकुल प्राचार्य की मिली भगत से स्वयं की पत्नि के खाते में अनियमित भुगतान प्राप्त कर शासन को हानि पहुंचाई गई है। इस पर उनके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने जानकारी दी कि संबंधित तत्कालीन संकुल प्राचार्य शासकीय उमावि मकडावदा कलां जितेन्द्र बित्तल को पूर्व में ही निलंबित किया जा चुका है।




# स्वास्थ्य एवं कल्याण अंतर्गत ग्राम कलोनी में बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 नवम्बर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के निर्देशानुसार जनजातिय गौरव दिवस 2025 अंतर्गत जनजातिय गौरव वर्ष पखवाडा 01-15 नवम्बर 2025 के अंतर्गत स्वास्थ्य और कल्याण विषय पर बैठक आयोजित कर चर्चा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र बडौदा डॉ. कायम सिंह, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी लाल बैरवा एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

स्वास्थ्य एवं कल्याण अंतर्गत पोषण गृह वाटिका का महत्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा ग्रामीणों को पोषण एवं स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को सहजन पौध रोपण के तरीके एवं उसके गुण और सेवन करने से स्वास्थ्य पर होने वाले लाभ को भी विस्तार से समझाया गया। साथ ही साफ-सफाई एवं वातावरण को स्वच्छ रखते हुये स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारीयां उपलब्ध कराई गई।

# एक गृहिणी से सफल उद्यमी बनने तक का सफर

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में श्योपुर जिले में रोजगारमूलक योजनाओं का लाभ लेकर हितग्राही आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढा रहे है, इन योजनाओं का लाभ महिला हितग्राहियों को भी मिल रहा है। ऐसी ही एक हितग्राही है श्रीमती मनीषा गुप्ता, जिन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना का लाभ लेकर स्वयं का व्यवसाय शुरू किया है।

**मनीषा गुप्ता की कहानी आत्मनिर्भरता की एक सशक्त मिसाल**



एक ओर बहुत सी महिलाएं आज भी अपनी क्षमताओं को पहचान नहीं पातीं, वहीं श्रीमती मनीषा गुप्ता ने साबित कर दिया कि अगर इरादा मजबूत हो और शासन की योजना के लाभ के साथ सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो कोई भी महिला आत्मनिर्भर बन सकती है। सिर्फ 10वीं तक पढ़ी-लिखी और घरेलू जिम्मेदारियों में व्यस्त श्रीमती मनीषा की कोई स्थायी आमदनी नहीं थी। परंतु उनके मन में कुछ अलग करने की ललक थी। वो अपने पैरों पर खड़ा होना चाहती थीं, अपने परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर करना चाहती थीं।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना उनका जीवन बदलने वाली योजना बन गई, जब उन्होंने इस योजना के बारे में सुना, तो उन्होंने अपने सपने को आकार देने का निर्णय लिया। उन्होंने आटा उद्योग शुरू करने के लिए उद्यानिकी विभाग अंतर्गत आवेदन किया। इस उद्योग में लगभग 10 लाख रुपये की लागत आई, जिसमें 2.80 लाख का अनुदान सरकार द्वारा दिया गया। उन्होने आत्मनिर्भरता की शुरुआत करते हुए अपने आटा प्लांट में प्रतिदिन 10 से 15 क्विंटल आटे का उत्पादन किया जा रहा है। अब उनकी मासिक आमदनी 20 हजार से 25 हजार तक पहुंच गई है।





# गुरू नानक जयंती पर गुरूद्वारा पहुंचे कलेक्टर, मत्था टेका

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने गुरू नानक जयंती के अवसर पर श्योपुर स्थित श्री गुरू नानक देवजी गुरूद्वारा पहुंचकर दर्शन किये तथा मत्था टेका, साथ ही लंगर प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर धर्मगुरू सोहन सिंह जी सहित अन्य सेवादार उपस्थित रहें।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने गुरूद्वारा पहुंचकर सिख परम्परा के अनुरूप गुरूद्वारे में माथा टेक कर दर्शन लाभ लिया तथा श्री गुरू नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समाज के धर्मगुरू सहित अन्य सेवादारो द्वारा पीला अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया।

## एक नजर में

### आज किला फीडर की बंद रहेगी बिजली

**श्योपुर, 5 नवंबर।** श्योपुर शहर वितरण केन्द्र अंतर्गत 11 केव्ही लाइनो का पोस्ट मानसून मेटीनेंस कार्य कराने के चलते 6 नवंबर को किला फीडर से तथा 7 नवंबर को मुक्तिनाद नगर फीडर से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर शहर ने बताया कि इसके चलते 6 नवंबर को कंडेल बाजार, भैसपाडा, किला बगीची, चतरदास जी का टीला, गुलैया मोहल्ला, गुलाब बाडी, हरिजन बस्ती, ईदगाह रोड, पद्मनपुरा क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। इसी प्रकार 7 नवंबर को वार्ड नंबर 14, 15, फक्कड चौराहा, गांधीनगर, कमालखेडी एवं आसपास के क्षेत्र में बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।






### बसों एवं वाहनों की सघन जांच, दो वाहन जप्त

**श्योपुर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में आज जिला परिवहन अधिकारी द्वारा बड़ौदा रोड एवं सवाई माधोपुर रोड पर बसों एवं अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान बसों में आपातकालीन खिड़की, यात्री सुरक्षा के इंतजामों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। कार्यवाही के दौरान वाहनों की जांच से 18,000 का राजस्व प्राप्त हुआ तथा दो वाहनों को जप्त कर परिवहन कार्यालय में रखा गया।

# आरोपी ने झोपड़ी में लगा दी आग, मामला कायम

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 नवम्बर।** थाना मानपुर आगजनी की घटना फरिया. वर्सी बाई पत्नी राधेश्याम मीणा उम्र 55 साल नि. ग्राम जागदेश्वर ने रिपोर्ट की कि दि. 29.09.25 के 11.30 बजे स्थान फरिया के घर की झोपड़ी ग्राम नागदेश्वर पर आरोपी बंटी पुत्र राधेश्याम मीणा नि. ग्राम जागदेश्वर मानपुर ने फरिया के घर पर बनी झोपड़ी मे माचिस की तिली से आग लगा दी आगजनी क्र. 07/25 की जांच पर से अपराध कायम कर विवे. मे लिया गया नुकसान 01 लाख 10 हजार (घर का सामान) ।दि. 04.11.25 के 23.18 बजे अप.क्र. 226/25 धारा 326 (जी) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

**धान मे हुये नुकसान का मुआवजा लेन-देन की बात पर मारपीट :** थाना ढोढर मारपीट फरि सुरेश पुत्र हरीसिंह रावत उम्र 35 साल नि. अर्रोदरी ने रिपोर्ट की कि दि. 05.11.25 के 07.00 बजे स्थान फरि. के घर के सामने अर्रोदरी आरोपीगण मुकेश रावत , नेतराम रावत , चेतराम रावत नि.गण सदर ने फरि व उसकी पत्नी को धान मे हुये नुकसान का मुआवजा लेन-देन की बात को लेकर बुरी-बुरी गालियां देकर मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । दि. 05.11.25 के 09.51 बजे अप. क्र. 100/25 धारा 115(2),296,351(3),3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

**पुरानी रंजिश की बात को लेकर तीन ने एक को पीटा :** थाना वीरपुर मारपीट फरिया. कमलेशी पत्नी बनवारी खटीक उम्र 45 साल नि. ग्राम चकचांदखा ने रिपोर्ट की कि दि. 04.11.25 के 17.00 बजे स्थान फरि. के घर के सामने चकचांद खा पर आरोपीगण दीपक , बाके , सुनीता सभी जातिगण खटीक नि.गण चकचांदखा ने पुरानी रंजिश को लेकर गंदी - गंदी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी । दि. 04.11.25 के 18.24 बजे अप.क्र. 94/25 धारा 296(ए), 115(2), 351(3), 3 (5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

**खेत की मैड डालने की बात को लेकर मारपीट :** थाना रघुनाथपुर मारपीट फरि. भगवान सिंह पुत्र बद्री रावत उम्र 38 साल नि. ग्राम हीरापुरा ने रिपोर्ट की कि दि. 04.11.25 के 11.00 से 11.10 बजे स्थान गोपालपुरा खेत के पास ग्राम हीरापुर पर आरोपीगण मोतीलाल , बंटी , जातिगण रावत नि.गण हीरापुरा रघुनाथपुर ने खेत की मैड डालने की बात को लेकर गंदी गंदी गालियां दी मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी । दि. 04.11.25 के 20.40 बजे अप.क्र. 70/25 धारा 296 (ए),115(2),351(3),3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

# कार तेज चलाने की बात पर गाली-गलौच, मारपीट

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 5 नवम्बर।** थाना कोतवाली मारपीट फरि. लाखन सिंह पुत्र पहलवान सिंह मीणा उम्र 59 साल नि. कुम्हार मोहल्ला श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 03.11.25 के 22.30 बजे स्थान पुलिस कंट्रोल रूम के सामने श्योपुर पर आरोपीगण अंकुश मीणा, अन्य व्यक्ति नि. नागदा श्योपुर ने फरि को कार तेज चलाने की बात पर से फरि से गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी एवं फरि की कार मे टक्कर। दि. 04.11.25 बजे 12.40 अप.क्र. के 269/25 मारकर नुकसान पहुचाया 296(ए), 351(2), 324(4), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

**पशु ले जाने की बात को लेकर गाली-गलौच मारपीट :** थाना बड़ौदा मारपीट फरिया. कान्ति गुर्जर पत्नी सियाराम गुर्जर उम्र 58 साल नि. पाण्डोला बड़ौदा ने रिपोर्ट की कि दि. 04.11.25 के 17.00 बजे स्थान हनुमान जी मंदिर के पास पाण्डोला पर आरोपी कमलेश माली नि. पाण्डोला बड़ौदा ने पशु ले जाने की बात को लेकर फरिया को गंदी-गंदी गालियां दी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी ।दि. 04.11.25 के 20.24 बजे अप.क्र. 288/25 धारा 296(ए),115(2),351 (2) बीएनएस कायम कर लिया हैं।



# भाजपा पुरानी शिवपुरी मंडल में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 5 नवम्बर।** भारतीय जनता पार्टी पुरानी शिवपुरी मंडल के तत्वावधान में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण 2025 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आगामी चुनावों की तैयारी को ध्यान में रखते हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई।

कार्यशाला में जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं एस.आई.आर. कार्यक्रम के जिला संयोजक हरवीर सिंह रघुवंशी, विधानसभा संयोजक मुन्ना लाल कुशवाह और मंडल वक्ता हरिओम राठौर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ की मतदाता सूची का सूक्ष्म अध्ययन कर नए मतदाताओं को जोड़ने और त्रुटियों के सुधार में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर बूथ बी.एल.ए., बूथ अध्यक्ष, बूथ मंत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत बनाना और मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन करना बताया गया। अंत में कार्यकर्ताओं ने आगामी चुनावों में पार्टी की विजय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# भागवत कथा एक अमर कथा है, इसे सुनने से पापी भी पाप मुक्त हो जाते है : आचार्य विक्रम

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 5 नवम्बर।** शिवपुरी जिले के कस्वा ग्राम भटनावर सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा एवं अष्टोत्तर शत 108 भागवत का मूल पाठ वेदपाठी विद्वान पंडितो द्वारा बाबाजी वाला बाग में प्रारंभ हुई।

**भटनावर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू, कलश यात्रा निकाली गई**

प्रथम दिवस महिला एवं युवतियां आयोजन स्थल से माथे पर कलश लेकर शीतला माता मंदिर पहुंची, यहां धार्मिक मंत्र उपचार के साथ कलश में जल भरकर पुनः आयोजन स्थल पहुंची और फिर कलश की स्थापना की गई तत्पश्चात धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुआ। शीतला माता मंदिर भवन बस स्टैंड से सैकड़ो महिलाएं एवं बालिकाओं ने भव्य कलशो को अपने सर पर धारण करके गांव का भ्रमण किया, ढोल नगाड़ों के साथ शीतला माता मंदिर भवन बस स्टैंड से प्रारंभ होकर कथा स्थल श्री बाबा जी वाले बगीचा में पहुंची। कथा परीक्षित श्री कल्यांचंद शर्मा जोशी परिवार ने भागवत महापुराण को सिर पर धारण करके गांव के समस्त देवी देवताओं का पूजन कर उन्हें श्रीमद् भागवत कथा के प्रांगण में पधारने के लिए निमंत्रित किया। कथावाचक आचार्य श्री विक्रम कोठारी जी महाराज श्री धाम वृंदावन प्रतिदिन 2 से 5 बजे तक संगीतमय में कथा का रसपान कराएंगे। भागवत कथा के प्रथम दिन कथा वाचक आचार्य विक्रम महाराज श्री ने भागवत प्रसंग की शुरुआत भागवत के प्रथम श्लोक से की महाराज श्री ने कहा कि भागवत के प्रथम श्लोक में भगवान को प्रणाम किया गया है, उनके स्वभाव का वर्णन किया गया है । उनकी लीलाओं का वर्णन किया गया है। आगे कहा कि भागवत को समझना भगवान को समझने के बराबर है। उन्होंने कहा कि जन्म-जन्मांतर एवं युग युगान्तर में जब पुण्य का उदय होता है तब ऐसा अनुष्ठान होता है।



आचार्य विक्रम महाराज श्री ने बताया कि भागवत कथा सुनने मात्र से भवसागर से मुक्ति हो जाते है इसलिए हमें अपने व्यस्त जीवन से थोड़ा समय निकालकर प्रभु के भजनों में मगन होकर के प्रभु के चरणों में ध्यान लगाना चाहिए। सुदामा महाराज के नेतृत्व एवं निर्देशन में 108 ब्राह्मणों ने भागवत का मूल पाठ मंत्रोच्चारण के साथ किया।